collaborations are required to file the requisite, documents with the RBI within days after issue of shares to the foreign investors.

**औद्योगिक विकास दर**

2176. **श्री अखिलेश दास :**
**श्री रहसबिहारी बारिक :**

क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1997-98 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की औद्योगिक विकास दर कितनी दर्ज की गई,

(ख) घरेलू स्तर पर यह विकास दर कितनी थी,

(ग) क्या विकास दर में वृद्धि या कमी पाई गई हैं,

(घ) वर्ष 1995-96 तथा 1996-97 की तुलना में यह विकास दर कितनी हैं और क्या इसमें कोई गिरावट आई हैं,

(ड़) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, और

(च) क्या राज्यों का विकास दर में अत्यधिक असमानता हैं ?

**उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) :** (क) से (ड़) औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक के अनुसार अभिवृद्धि दर (आधार 1993-94=100) वर्ष 1995-96, 1996-97 और 1997-98 के लिए क्रमशः 12.7, 5.6 और 6.6 प्रतिशत थी। अभिवृद्धि दर 1996-97 में घट गई थी जो 1997-98 में बढ़ गई।

(च) राज्यों की अभिवृद्धि दरें तुलनात्मक नहीं हैं क्योंकि सूचकांक जारी करने संबंधी आधार वर्ष, अवधि प्रयुक्त डाटा स्त्रोत आदि की पसंद में अन्तर होता हैं।

**कुछ राज्यों में प्रधान मंत्री रोजगार योजना और नेहरू रोजगार योजना की असफलता**

2177. **श्री चीमनभाई हरी भाई शुक्ला :**

क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच हैं कि बैंको, के असहयोग और अप्रभावी कार्यकरण के कारण उड़ीसा, मध्य प्रदेश और गुजरात के नगरपालिका क्षेत्रों में प्रधान मंत्री रोजगार योजना और नेहरू रोजगार योजना पूर्णतया असफल रही हैं,

(ख) क्या इन राज्यों के कुछ हिस्सों में इन योजनाओं का प्रभावी प्रचार नहीं किया गया था,

(ग) क्या इस असफलता में राज्य सरकारें भी उत्तरदायी हैं,

(घ) यदि हां, तो इन सभी कारकों के संबंध में किए गए अध्ययान का ब्यौरा क्या हैं, और

(ड़) वर्ष 1993-94, 1994-95, 1995-96 तथा 1996-97 के दौरान विशेष रूप से उड़ीसा, मध्य प्रदेश और गुजरात के शहरों की वास्तविक स्थिति क्या हैं ?

**उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) :** (क) (घ) प्रधान मंत्री रोजगार को उड़ीसा, मध्य प्रदेश और गुजरात के शहरी क्षेत्रों में संतोषजनक ढंग से क्रियान्वित किया गया हैं। इन राज्यों द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार, इस योजना को अखबारों तथा इलेक्ट्रोनिक मीडिया में प्रचारित किया गया था।

अक्तूबर, 1989 से नवंबर, 1997 तक शहरी कार्य तथा रोजगार मंत्रालय द्वारा नेहरू रोजगार योजना क्रियान्वित की गयी थी। कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से बैंको द्वारा सहयोग प्रदान न करने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। तथापि, मध्य प्रदेश और उड़ीसा ने अपने वास्तविक लक्ष्यों को पार किया है, जबकि गुजरात में उपलब्धियां लक्ष्य से कम रही।

"शहरी और पर्यावरण संबंधी क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र' द्वारा गुजरात के कुछ चुनिंदा कस्बों में नेहरू रोजगार योजना के क्रियान्वयन पर किये गये अध्ययन में मसौदे पर आधारित निष्कर्षों का विवरण विवरण-I में दिया गया हैं। (नीचे देखिए)

(ड़) प्रधानमंत्री रोजगार योजना, जिसे 02.10.1993 से क्रियान्वित किया जा रहा हैं, 1993-94 के दौरान देश के शहरी क्षेत्रों में क्रियान्वित की गयी थी। 1994-95 से इस योजना को देश के शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में क्रियान्वित किया जा रहा हैं। राज्यों द्वारा यह सूचित किया गया हैं कि 1993-94, 1994-95, 1995-96 और 1996-97 के दौरान उड़ीसा, मध्य प्रदेश और गुजरात राज्यों में प्रधानतंत्री रोजगार योजना के लक्ष्य और उपलब्धियों को दर्शानें वाला विवरण विवरण-II पर हैं। (नीचे देखिए)

उड़ीसा, मध्य प्रदेश और गुजरात के लिए 1993-94, 1994-95, 1995-96 और 1996-97 के दौरान, नेहरू रोजगार योजना के लक्ष्य और उपलब्धियां दर्शानें वाला विवरण विवरण-III पर हैं।

**विवरण –I**

शहरी तथा पर्यावरण अध्ययन, मुम्बई के लिये क्षेतीय केन्द्र द्वारा नेहरू रोजगार योजना के कार्यान्वयन पर गुजरात के चुनिंदा शहरों में अध्ययन के मसौदा रिपोर्ट से निकाले गये निष्कर्ष।

(1) शहरी निर्धन लाभ-भोगियों का पता लगाने के सवेंक्षण उचित ढंग से नहीं किये गये,

(2) इस योजना का अधिकाधिक प्रचार नहीं किया गया,

(3) बैंको द्वारा ऋण आवेदनों को एकमुश्त निरस्त करने के बारें में लगातार शिकायतें थी,

(4) लगभग 50% लाभ-भोगी शहरी निर्धनता के माप-दण्ड पूरा नहीं किए थे।

**विवरण –II**

राज्यों की सूचना के अनुसार 1993-94, 1994-95, 1995-96 तथा 1996-97 के दौरान उड़ीसा, मध्य प्रदेश, तथा गुजरात में प्रधामंत्री रोजगार योजना के लक्ष्य तथा उपलब्धियां ***

| वर्ष | उड़ीसा (*) | | मध्य प्रदेश (**) | | गुजरात (*) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य (सं.) | उपलब्धियां (बैंकोलक्ष्य द्वारा जिन व्यक्तियों को ऋण स्वीकृत किया गया उनकी सं.) | (सं.) | उपलब्धियां (बैंकोलक्ष्य द्वारा जिन व्यक्तियों को ऋण स्वीकृत किया गया उनकी सं.) | (सं.) | उपलब्धियां (बैंकों द्वारा जिन व्यक्तियों को ऋण स्वीकृत किया गया उनकी सं.) |
| 1993-94 | 865 | 842 | 2710 | 2992 | 1870 | 527 |
| 1994-95 | 3248 | 2467 | 20000 | 21840 | 3590 | 2895 |
| 1995-96 | 3603 | 3615 | 27050 | 31566 | 5387 | 5117 |
| 1996-97 | 3393 | 3463 | 27050 | 33604 | 5387 | 4302 |

* केवल शहरी क्षेत्रों के लिये लक्ष्य तथा उपलब्धियां

** शहरी तथा ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों के लिये लक्ष्य तथा उपलब्धियां 1993-94 को छोड़कर जब यह योजना केवल शहरी क्षेत्रों में लागू थी।

*** उद्योग मंत्रालय द्वारा इस योजना की शहरी स्तर पर निगरानी नहीं की जाती हैं।

**विवरण - III**

**लक्ष्य तथा उपलब्धियां के सम्बन्ध में** **

शहरी कार्य तथा रोजगार मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित नेहरू रोजगार योजना के अन्तर्गत लघु (माइक्रो) उद्यम स्थापित करने के लिये सहायकता प्राप्त लाभ-भोगियों की संख्या

| वर्ष | उड़ीसा | | मध्य प्रदेश | | गुजरात | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलबिध्यां (*) | लक्ष्य | उपलब्धियां (*) | लक्ष्य | उपलब्धियां (*) |
| 1993-94 | 3805 | 1214 | 13500 | 32072 | 2550 | 2630 |
| 1994-95 | 2570 | - | 10770 | - | 2450 | 1663 |
| 1995-96 | 2800 | 6223 | 9529 | 16019 | 4397 | 1777 |
| 1996-97 | - | 3408 | 7944 | 16581 | - | 1512 |
| जोड़ | 9175 | 10845 | 41743 | 64672 | 9397 | 7582 |

* उपलब्धियों में अक्टूबर, 1989 में योजना आरम्भ करने के पूर्व वर्षो से आनीत अप्राप्त लक्ष्य भी शामिल हैं।

** शहरी कार्य तथा रोजगार मंत्रालय शहरी स्तर पर प्रगति की मानीटरी नहीं किये हैं।